प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.01.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

"आज के मुख्य समाचार"

1. केंद्र ने राज्य सरकारों को किया करों का हस्तांतरण– हिमाचल को मिली एक हजार 4 सौ 36 करोड़ रूपए से अधिक की राशि।
2. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–सरकार बिजली बोर्ड को अधिक दक्ष और व्यावसायिक बनाने के लिए प्रयासरत।
3. उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की जलशक्ति गौरव पुरस्कार आरंभ करने की घोषणा–उत्कृष्ट सेवाओं का होगा सम्मान।

   और
4. इल्मा अफरोज़ बनी रहेगी बद्दी की पुलिस अधीक्षक– हाईकोर्ट ने तबादले पर लगाई रोक।

सरकारी–कर वितरण

केंद्र ने आज राज्य सरकारों को एक लाख 73 हजार 30 करोड़ रुपये के करों का हस्तांतरण किया। इससे पहले दिसंबर 2024 में 89 हजार 86 करोड़ रुपये की कर राशि हस्तांतरित की गई थी। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस महीने राज्यों को अधिक राशि हस्तांतरित की जा रही है ताकि उनके पूंजीगत व्यय में तेजी लायी जा सके और उन्हें विकास और कल्याण–संबंधी व्यय के वित्तपोषण में सक्षम बनाया जा सके। उत्तर प्रदेश को कर हस्तांतरण का सबसे बड़ा हिस्सा, 31 हजार करोड़ रुपये से अधिक प्राप्त हुआ, उसके बाद बिहार और मध्य प्रदेश का स्थान है। हिमाचल प्रदेश को करों के हिस्से रूप में एक हजार 4 सौ 36 करोड़ 16 लाख रूपए की राशि केंद्र से मिली है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य विद्युत बोर्ड को और अधिक दक्ष व व्यावसायिक बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने शिमला में बिजली बोर्ड, ऊर्जा विभाग और अन्य उपक्रमों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बोर्ड की गतिविधियों को सशक्त बनाने के लिए नवोन्वेषी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर संपन्न विद्युत उपभोक्ताओं से स्वैच्छिक तौर पर सब्सिडी छोड़ेन का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने बाद में कृषि विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग के अधिकारियों को प्रदेश में प्राकृतिक खेती से गेहूं और मक्की उगाने वाले क्षेत्रों की मैपिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के सभी फार्मों में प्राकृतिक खेती की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अगले एक वर्ष में प्राकृतिक खेती से एक लाख किसान परिवार जोड़ने की भी घोषणा की।

## एम.ओ.यू.

हिमाचल प्रदेश सरकार और फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी के बीच आपदा जोखिम न्यूनीकरण और तैयारी परियोजना को लेकर आज शिमला में 9 सौ करोड़ रूपए के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य राज्य को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले जोखिम को कम करना है। इस मौके पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा और परियोजना निदेशक निशांत ठाकुर भी मौजूद रहे। ओंकार शर्मा ने इस मौके पर कहा कि हिमाचल प्राकृतिक आपदाओं से लगातार ग्रस्ति हो रहा है। ऐसे में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के मकसद से इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। परियोजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं के लिए प्रांरभिक चेतावनी प्रणाली, बाढ़, पूर्वानुमान में सुधार और कृषि के लिए जलवायु सहायता प्रदान करना व व्यापक आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## सुनील बिट्टू

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि प्रदेश सरकार शैक्षणिक ढांचे में कई बड़े सुधार कर रही है ताकि आम परिवारों के बच्चों को भी बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध हो सके। सुनील शर्मा बिट्टू आज राजकीय वष्ठि माध्यमिक पाठशाला ताल के वार्षिक उत्सव के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राजनीति से उपर उठकर आम जनता के हित में कार्य कर रहे हैं और हमीरपुर जिला को कई बड़े प्रौजेक्टों से संवार रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर को मेडिकल कॉलेज, बस स्टैंड़ और नगर निगम जैसे बड़े तोहफे दिए हैं। सुनील शर्मा बिट्टू ने इस मौके पर स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

## निर्वाचन आयोग

राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल कुमार खाची ने कहा है कि प्रदेश में इस साल होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के आम चुनावों के लिए तैयारियां आरंभ कर दी हैं। खाची ने आज नाहन में प्रशासनिक अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आयोग ने मतपेटियों की मुरम्मत का कार्य पूरा कर लिया है और इन पर पेंटिंग, क्यूआर कोडिंग, आयलिंग और ग्रीसींग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को वार्डबंदी, मतदाता सूचियों का अद्यतन आरक्षण का कार्य आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप करने के आदेश दिए।

## इल्मा अफरोज़

आईपीएस अधिकारी इल्मा अफरोज़ बद्दी की पुलिस अधीक्षक बनी रहेंगी। प्रदेश हाईकोर्ट ने इल्मा अफरोज़ के तबादले पर रोक लगा दी है।

इल्मा अफरोज़ को बद्दी में ही पुलिस अधीक्षक लगाए रखने की याचिका पर आज प्रदेश हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीएस संधवालीया और न्यायामूर्ति सत्येन वैद्य की खंडपीठ में सुनवाई हुई।

इसके उपरांत हाईकोर्ट ने ये फैसला सुनाया। इल्मा अफरोज का तबादला रद् करने और उन्हें बद्दी में ही एसपी लगाए रखने को लेकर सुच्चा राम नामक व्यक्ति द्वारा जन हित याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई थी। प्राथी के अधिवक्ता आरएल चौधरी ने कहा कि अदालत ने बद्दी में एसपी की तैनाती के लिए सरकार से तीन अधिकारियों के नाम मांगे थे लेकिन सरकार ये नाम नहीं दे सकी। सरकार के जवाब के बाद हाईकोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं।

## जयराम ठाकुर

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इल्मा अफरोज के मामले में हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि इस फैसले से भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाली प्रदेश सरकार का चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपनी शक्तियों का दुरूपयोग करके बद्दी में गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों को संरक्षण देने का काम किया है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री को प्रदेश हित से ज्यादा अपनी कुर्सी की चिंता है। इसीलिए उन्होंने राजनीतिक दबाव में आकर बद्दी की एसपी पर कार्रवाई की और उन्हें जबरन छुट्टी पर भेज दिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस फैसले से सबक लेना चाहिए और माफिया व गैरकानूनी काम करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

## उप–मुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश में जलशक्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की उत्कृष्ट सेवाओं को सम्मान देने के लिए जल शक्ति गौरव पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की है। ये पुरस्कार हर साल उन कर्मियों को दिया जाएगा जो अपनी सेवाओं में उत्कृष्टता और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए हर घर व खेत तक पानी पहुंचाने के लक्ष्य को साकार कर रहे हैं। मुकेश अग्निहोत्री आज ऊना के हरोली में आयोजित राज्य स्तरीय जल जागरूकता समारोह के मौके पर बोल रहे थे। अग्निहोत्री ने ये भी कहा कि विभाग में अच्छे काम पर सम्मान मिलेगा लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को सख्ती से दंड़ित भी किया जाएगा।

## आईस हॉकी

किन्नौर जिला के सांगला में आईस हॉकी इंडिया द्वारा 7 दिवसीय विंटर आईस स्केटिंग बेसिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सांगला वैली के 55 प्रशिक्षकों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह की अध्यक्षता पूर्व बीडीसी सदस्य रघुवीर सिंह नेगी ने की और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र बांटे।

## मुख्य समाचार एक बार फिर''

1. केंद्र ने राज्य सरकारों को किया करों का हस्तांतरण– हिमाचल को मिली एक हजार 4 सौ 36 करोड़ रूपए से अधिक की राशि।

2. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–सरकार बिजली बोर्ड को अधिक दक्ष और व्यावसायिक बनाने के लिए प्रयासरत।

3. उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की जलशक्ति गौरव पुरस्कार आरंभ करने की घोषणा–उत्कृष्ट सेवाओं का होगा सम्मान।

और

4. इल्मा अफरोज़ बनी रहेगी बद्दी की पुलिस अधीक्षक– हाईकोर्ट ने तबादले पर लगाई रोक।

———————————————————————————